## सघन मिशन इन्द्रधनुष 4.0 की पर्यवेक्षण आख्या–पीलीभीत एवं बरेली
### भ्रमण दिनांक 05 से 07 मई, 2022

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश के पत्रांक एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/आर0आई0/2022–23/04/672 दिनांक 02.05.2022 द्वारा दिये गये निर्देशों के कम में डा0 अजय गुप्ता, संयुक्त निदेशक, अरबन एवं श्री प्रदीप त्यागी, स्टेट ट्रेनिंग आफिसर द्वारा दिनांक 05 से 07 मई, 2022 तक जनपद–पीलीभीत एवं बरेली में संचालित सघन मिशन इन्द्रधनुष 4.0 कार्यकम के अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण हेतु भ्रमण किया गया।

**दिनांक 05 मई, 2022 को जनपद–पीलीभीत (ब्लाक पूरनपुर)–**




सर्वप्रथम ब्लाक पूरनपुर के उपकेन्द्र–रघुनाथपुर के लोधीपुर गांव मे प्रधान के घर पर संचालित आई0एम0आई0 सत्र का सहयोग्यात्मक पर्यवेक्षण किया गया, जहां पर ए0एन0एम0 प्रान्ती साक्य, आंगनबाड़ी गुलशन, आशा रूक्साना एवं पर्यवेक्षक प्रियान्शु शुक्ला उपस्थित थे। ड्यू लिस्ट के अनुसार 18 बच्चों में से 14 बच्चों एवं 07 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जा चुका था। सभी वैक्सीन एवं लाजिस्टिक उपलब्ध थे। नये आर0आई0 कार्ड उपलब्ध नहीं थे।

माधवपुर टाण्डा उपकेन्द्र के माधवपुर टाण्डा गांव मे रामेश्वर के घर पर संचालित आई0एम0आई0 सत्र का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया, जहां पर ए0एन0एम0 हेमलता आंगनबाड़ी अमीता, आशा पुष्पा एवं पर्यवेक्षक डा0 खुर्रम अहमद उपस्थित थे। ड्यू लिस्ट के अनुसार 11 बच्चों एवं 01 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जा चुका था। सभी वैक्सीन एवं लाजिस्टिक उपलब्ध थे। एनाफलेक्सि किट उपलब्ध थी, परन्तु ए0एन0एम0 को इसके इस्तेमाल एवं ए0ई0एफ0आई0 के संबंध में पर्याप्त जानकारी नहीं थी।

जनपद स्तर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को फीडबैक से अवगत कराया एवं डब्लू0एच0ओ0 के फीडबैक पर सुधारात्मक कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये गये।

**दिनांक 06 मई, 2022 को जनपद पीलीभीत अरबन–**



मुख्य चिकित्सा अधिकारी के साथ जनपद स्तरीय कोल्ड चेन का निरीक्षण किया गया। जहां पर सी0सी0एच0 आदम खान उपस्थित थे। सी0सी0एच0 का कोल्ड चेन संबंधित प्रशिक्षण नहीं हुआ था। समस्त कोल्ड चेन उपकरण ठीक प्रकार से संचालित थे। 04 डीप फ्रीजर एवं 05 आई0एल0आर0 नियमित टीकाकरण वैक्सीन हेतु एवं 05 आई0एल0आर0 कोविड वैक्सीन हेतु उपलब्ध थे। लागबुक के अनुसार पाया गया कि पिछले एक माह से डिफ्रास्ट नहीं किया गया था। ईविन के अनुसार एफ0आई0पी0वी0 वैक्सीन की 1600 डोज का मिलान ठीक पाया गया।

शहरी क्षेत्र न्यूरिया मरौरी कोल्ड चेन प्वाइंट का भ्रमण किया गया। सी0सी0एच0 मुनेन्द्र उपस्थित थे। टेम्परेचर लागर कार्य नहीं कर रहा था। 26 सत्रों हेतु वैक्सीन वितरित की गयी थी। 02 डीप फीजर एवं 03 आई0एल0आर0 उपलब्ध थे।

Scanned by CamScanner



ललौरी खेड़ा ब्लाक सुन्दरपुर उपकेन्द्र के मीरापुर गांव मे आशा की घर पर संचालित आई0एम0आई0 सत्र का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया, जहां पर एम0ओ0 डा0 विनय गंगवार ए0एन0एम0 सरोज बाला आंगनबाड़ी सौमवती, आशा लक्ष्मी एवं पर्यवेक्षक अंजली उपस्थित थे। ड्यू लिस्ट के अनुसार 6 बच्चों एवं 01 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जा चुका था। सभी वैक्सीन एवं लाजिस्टिक उपलब्ध थे। एनाफलेक्सि किट उपलब्ध थी। परन्तु ए0एन0एम0 को इसके इस्तेमाल एवं ए0ई0एफ0आई0 के संबंध में पर्याप्त जानकारी नहीं थी।

<u>दिनांक 06 मई, 2022 को जनपद बरेली–</u>

नवाबगंज ब्लाक के जयनगर उपकेन्द्र के जौरामकरन्दपुर गांव मे मीना आशा की बैठक पर संचालित आई0एम0आई0 सत्र का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया, जहां पर ए0एन0एम0 जकिया खातून आंगनबाड़ी सुधा रानी, आशा मीना देवी एवं पर्यवेक्षक बिन्दु सिंह उपस्थित थे। ड्यू लिस्ट के अनुसार 6 बच्चों एवं 01 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जा चुका था। सभी वैक्सीन एवं लाजिस्टिक उपलब्ध थे। एनाफलेक्सि किट उपलब्ध थी। परन्तु ए0एन0एम0 को इसके इस्तेमाल एवं ए0ई0एफ0आई0 के संबंध में पर्याप्त जानकारी नहीं थी। सत्र पर उपलब्ध आईस पैक आंशिक रूप से भरे हुये थे।



नवाबगंज ब्लाक के हाफिसगंज उपकेन्द्र के अफरोज भट्टा पर संचालित आई0एम0आई0 सत्र का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया, जहां पर ए0एन0एम0 सबिया खातून एवं पर्यवेक्षक नन्हे लाल उपस्थित थे। सभी वैक्सीन एवं लाजिस्टिक उपलब्ध थे। एनाफलेक्सि किट उपलब्ध थी। परन्तु ए0एन0एम0 को इसके इस्तेमाल एवं ए0ई0एफ0आई0 के संबंध में पर्याप्त जानकारी नहीं थी। भट्टे पर टीकाकरण हेतु एक भी लाभार्थी उपलब्ध नहीं था। सत्र की प्लानिंग ठीक प्रकार से नहीं की गयी थी। ए0एन0एम0 को दूसरे स्थान पर टीकाकरण करने हेतु निर्देशित किया गया।

मण्डल स्तरीय कोल्ड चेन स्टोर का निरीक्षण अपर निदेशक डा0 दीपक औहरी के साथ किया गया, जहां पर सी0सी0एच0 कौशल यादव उपस्थित थे। कोल्ड चेन कक्ष में दो वाक–इन–कूलर स्थापित थे, जिनमें से एक अक्रियाशील था। वैक्सीन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध थी। सभी डीप फ्रीजर एवं आई0एल0आर0 क्रियाशील थे। कोल्ड चेन रूम की साफ–सफाई ठीक नहीं थी, जिसके संबंध में निर्देश दिये गये। 17 डीप फ्रीजर एवं 12 आई0एल0आर0 उपलब्ध थे।

तत्पश्चात् जनपद स्तर पर निरीक्षण संबंधित फीडबैक से मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, संबंधित अधिकारियों एवं सहयोगी संस्था (यूनीसेफ, यू0एन0डी0पी0, सी0एच0ए0आई0) को अवगत कराया गया। डब्लू0एच0ओ0 के प्रतिनिधि उपस्थित नहीं थे।

<u>दिनांक 07 मई, 2022 को जनपद बरेली–</u>

जनपद स्तरीय कोल्ड चेन का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया। जहां पर सी0सी0एच0 उत्कर्ष एवं आलम उपस्थित थे। समस्त कोल्ड चेन उपकरण ठीक प्रकार से संचालित थे। लागबुक अधुनान्त थी। ईविन के अनुसार वैक्सीन का मिलान ठीक पाया गया। 13 डीप फ्रीजर में से 11 एवं 22 आई0एल0आर0 में 20 क्रियाशील थे। टेम्परेचर लाग बुक का परीक्षण किया गया, जो कि अधुनान्त थी।

Scanned by CamScanner

राजकीय परिवार कल्याण प्रशिक्षण केन्द्र बरेली का भ्रमण किया गया, जहां पर प्रधानाचार्य डा0 साधना अग्रवाल से नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत चिकित्सा अधिकारियों के प्रशिक्षण पर चर्चा की गयी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से प्रशिक्षण माड्यूल के संबंधित में चर्चा की गयी। साथ ही वर्ष 2022–23 में होने वाले प्रशिक्षणों पर भी चर्चा की गयी।

बरेली अरबन क्षेत्र के जगतपुर यू0पी0एच0सी0 का भ्रमण किया गया, जहां पर एम0ओ0 डा0 श्वेता भारद्वाज उपस्थित थीं। कोल्ड चेन में सी0सी0एच0 मोहिनी देवी उपस्थित थीं। वैक्सीन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध थी। 01 आई0एल0आर0 एवं 02 डीप फ्रीजर क्रियाशील थे। सभी वैक्सीन एवं लाजिस्टिक उपलब्ध थी।

जगतपुर यू0पी0एच0सी0 में रामप्रकाश के घर पर संचालित आई0एम0आई0 सत्र का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया, जहां पर ए0एन0एम0 संगीता देवी, आशा सुजाता देवी उपस्थित थे। ड्यू लिस्ट के अनुसार 13 बच्चों एवं 03 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जाना था। सभी वैक्सीन एवं लाजिस्टिक उपलब्ध थे। एनाफलेक्सि किट उपलब्ध थी।

जगतपुर यू0पी0एच0सी0 के मो0 कटकुईया में पुराने आंगनबाड़ी केन्द्र पर संचालित आई0एम0आई0 सत्र का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया, जहां पर ए0एन0एम0 पिंकी देवी एवं लिंक वर्कर साहीन बेगम उपस्थित थी। ड्यू लिस्ट के अनुसार 20 बच्चों एवं 03 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जाना था। सभी वैक्सीन एवं लाजिस्टिक उपलब्ध थे। एनाफलेक्सि किट उपलब्ध थी।

जनपद बरेली एवं पीलीभीत भ्रमण से संबधित सभी बिन्दुओं से अपर निदेशक, बरेली मण्डल को अवगत कराया गया एवं सुधारात्मक कार्यवाही हेतु अनुरोध किया गया। साथ ही वर्ष 2022–23 के माइकोप्लान को तैयार करने हेतु संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया।

श्री प्रदीप त्यागी
(राज्य प्रशिक्षण अधिकारी)

डा0 अजय गुप्ता
(संयुक्त निदेशक, अरबन)

Scanned by CamScanner